Name of the College → A.P.S.M College Barauni
Name → Dr. Rajesh Kumar Suman [Guest] (1)
Designation → [GT] Date → 15-4-2021
Class → B.A Part-II [H] Unit → 06
Paper → III
Name of the Topic → National Income Accounts - GDP

⇒ सामाजिक लेखों का प्रस्तुतीकरण [Presentation of Social Accounts]

→ सामाजिक लेखों को सामाजिक लेखांकन सारणी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। सामाजिक लेखांकन सारणी को सामाजिक लेखा आधारक मैट्रिक्स कहते हैं। मैट्रिक्स [Matrix] में प्रत्येक क्षेत्र के सामने बाऐं से दाऐं ओर आंकड़ों की श्रृंखला को पंक्तियाँ [Rows] कहते हैं। प्रत्येक पंक्ति में अन्य क्षेत्रों को किये गये भुगतान को दर्शाया जाता है।

इसी प्रकार प्रत्येक क्षेत्र के सामने ऊपर से नीचे की ओर आनेवाली श्रृंखलाओं को हम कॉलम या स्तम्भ [Column] कहते हैं। प्रत्येक कॉलम में अन्य क्षेत्रों से प्राप्त आय दर्ज की जाती है। प्रत्येक मद की प्रविष्टि पंक्ति और स्तम्भ दोनों में ही की जाती है।

	सामाजिक लेखों का प्रवाह आधारक या मैट्रिक्स					
	लेखे (Account)					Rs करोड़
प्राप्तियाँ / भुगतान	1 व्यवसाय	2 घरेलू	3 सरकार	4 पूंजी	5 विदेश	कुल
उत्पादन या व्यवसाय	—	830	36	28	28	922
घरेलू या उपभोग	657	—	135	45	18	855
सरकार	90	18	—	45	18	171
पूंजी	108	—	—	—	9	117
विदेश	72	—	—	—	—	72
कुल	927	838	171	118	73	2147

Scanned with CamScanner

(1) प्रथम पंक्ति [Column] इस पंक्ति में व्यवसाय क्षेत्र द्वारा किये गये भुगतान दर्शाये गये हैं जिन में उपभोग का क्षेत्र का 830 करोड़ रुपये की राशि मजदूरी तथा वेतन आदि के रूप में किया गया है। सरकार को को 36 करोड़ रुपये का भुगतान करों के रूप में किया गया है। 28 करोड़ रुपये फर्मों के पूँजी लेखा में कम्पनी बचत (अवितरित लाभ) से सम्बन्धित है। 28 करोड़ रुपये विदेशों से वस्तुओं तथा सेवाओं के आयात के लिये है।

(2) द्वितीय पंक्ति [Column] - इसमें घरेलू क्षेत्र द्वारा किये गये भुगतानों को दर्शाया गया है। इस में 657 करोड़ रुपये ~~व्यव~~ व्यवसाय क्षेत्र से खरीदी गयी वस्तुओं तथा सेवाओं का भुगतान है। सरकार को 125 करोड़ रुपये करों के रूप में एवं बीमा किश्तों के रूप में चुकाये गये हैं। 48 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं द्वारा बचत के रूप में विनियोग क्षेत्र में लगाये गये हैं और 28 करोड़ रुपये विदेशी प्रतिभूतियों में तथा विदेशों में शिक्षा, यात्रा आदि पर व्यय है।

(3) तीसरी पंक्ति [Column] तीसरी पंक्ति सरकारी क्षेत्र के व्यय प्रवाहों को दर्शाती है। सरकार वस्तुओं तथा सेवाओं को खरीदने के लिए व्यवसाय क्षेत्र को 90 करोड़ रु० का भुगतान करती है, सार्वजनिक ऋण पर शुद्ध ब्याज, भुगतानों में तथा पेंशन, ग्रेच्युटी आदि के लिए अंतरण भुगतान के रूप में 18 करोड़ रुपये विदेशों को उनसे प्राप्त वस्तुओं तथा सेवाओं के बदले भुगतान किये जाते हैं। अंतिम 18 करोड़ के अन्तर्गत उन व्ययों को भी सम्मिलित किया जाता है जो विदेशों में दूतावासों के रख-रखाव और विदेशों को भेजे जाने वाले शिष्ट मंडलों पर व्यय किया जाता है।

शेष आगे